आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 20.09.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में नए महाप्रबंधक ने कार्यग्रहण किया

श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने दिनांक 20.09.2019 को आरेडिका के महाप्रबंधक के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्री विनय मोहन श्रीवास्तव 1982 बैच के भारतीय रेलवे सिंगनल इंजीनियरिंग सेवा (IRSSE) के अधिकारी हैं। उन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, जबलपुर से इंजीनियरिंग में स्नातक (B. Tech-ECE) तथा आई.आई.टी. कानपुर से डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स में मास्टर्स डिग्री प्राप्त किया है।

विनय मोहन श्रीवास्तव ने आरेडिका में महाप्रबंधक का पद ग्रहण करने के पूर्व, रेलवे में अपनी सेवा वर्ष 1984 मे सिग्नल विभाग में एएसटीई के रुप मे मध्य रेलवे के झॉसी मंडल से शुरु की। इसके पश्चात उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता के पद पर मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट परियोजना मुम्बई, मध्य रेलवे, ज्वाईन्ट डायरेक्टर/आईएंडएल/आरडीएसओ/मुम्बई एवं उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर के पद पर पूर्वोत्तर सीमांत रेलव एवं मध्य रेलवे में कार्य किया है साथ ही आपने मध्य रेलवे में मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर के महत्वपूर्ण पद पर भी कार्य किया है । श्री श्रीवास्तव को अपने लम्बे कार्यकाल में विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं जैसे उपनगरीय सेवाओं का पहली बार विस्तार मनखुर्द से नवी मुम्बई, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के विभिन्न डबलिंग तथा गेज कनवर्जन का कार्य पूर्ण कराने तथा पश्चिम रेलवे के राजकोट तथा भावनगर मंडलों में ओ.एफ.सी. नेटवर्क स्थापित करने का विशाल अनुभव प्राप्त है। आपके नेतृत्व में पश्चिम रेलवे तथा मध्य रेलवे के डीसी से एसी ट्रैक्सन में परिवर्तन के दौरान सिगनलिंग सिस्टम का सफलतापूर्वक परिवर्तन किया गया ।

आरेडिका, रायबरेली में आने के पूर्व विनय मोहन श्रीवास्तव दक्षिण मध्य रेलवे में प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता के पद पर कार्यरत थे।

20/09/19

उप महाप्रबंधक (सामान्य)